# <u>राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर</u>

## <u>प्रेस नोट</u>

**दिनांकः 16.09.2025**

### <u>साक्षात्कार पत्र के संबंध में</u>

आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाऐं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2023 के पदों हेतु अंतिम चरण के साक्षात्कार दिनांक 24.09.2025 से 14.10.2025 तक आयोजित किये जायेंगे।

अंतिम (9वें) चरण में सम्मिलित अभ्यर्थियों के **साक्षात्कार पत्र** आयोग की वेबसाईट **https://rpsc.rajasthan.gov.in** पर अपलोड कर दिये गये है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक से Interview Letter डाउनलोड कर साक्षात्कार में उपस्थित होंवे।

साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी ऑनलाईन भरे गये विस्तृत आवेदन पत्र, अटेस्टेशन फार्म एवं सेवा प्राथमिकता क्रम की दो प्रतियां एवं संलग्नक दस्तावेजों की एक प्रति स्वहस्ताक्षरित (मूल दस्तावेजों सहित) साक्षात्कार के समय आयोग में प्रस्तुत करें। साक्षात्कार पत्र आयोग द्वारा ऑफलाईन रूप से नहीं भेजे जायेंगे और ना ही ऑफलाईन विस्तृत आवेदन पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम स्वीकार किये जायेंगे।

**(चित्रा जैनानी)**
**उप सचिव**